### एक नजर में

#### वयोवृद्ध रामचंद्र गुप्ता का निधन

**सुठालिया 25 दिसम्बर, सं.** मेडतवाल समाज के वयोवृद्ध व्यवसाई रामचंद्र गुप्ता का बुधवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया. वे सहज सरल एवं मृदुभाषी थे. दोपहर पूर्व वार्ड 12 स्थित पुरानी मंडी के पीछे बने उनके आवास से अंतिम यात्रा निकाली गई. स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र निर्मल गुप्ता इंदौर व राजेश गुप्ता सुठालिया ने दी. दाह संस्कार में समाजजन स्थानीय व्यवसाय नाते रिश्तेदार शिक्षाविद व स्थानीय नागरिकों ने शामिल हो दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी.

#### हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में शोभा यात्रा

**जीरापुर 25 दिसम्बर, सं.** समग्र हिन्दू समाज को जाग्रत करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आगाज अक्षत कलश, शोभा यात्रा एवं नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में भुमि पुजन से हुआ. आगामी 11 जनवरी 26 को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में शोभा, कलश यात्रा एवं भुमि पुजन का भव्य आयोजन हुआ. यात्रा में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं शामिल हुए. महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण किए यात्रा को सुशोभित कर रही थी वहीं युवा वर्ग एवं पुरुष भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे तथा हनुमान चालीसा का नगर मुख्य इंदर चौराहे पर पाठ किया. शोभायात्रा रामलीला चौक से शुरू होकर बुधवारिया बाजार अटल चोक से होती हुई खिलचीपुर नाका नवीन हाट बाजार परिसर में पं. अनुराग जी शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना से भूमि पूजन किया गया. यात्रा में रथ पर विराजमान राम लखन की झांकी आकर्षण का केंद्र रही.

#### कलश यात्रा के साथ ध्वज स्थापित किया

**पड़ाना 25 दिसम्बर, सं.** नगर में 4 जनवरी को हिंदू जागरण मंच के तत्वाधान में हिंदू समाज सामाजिक एकता सांस्कृतिक चेतना एवं धार्मिक परंपराओं को सुदृढ़ बनाने हेतु हिंदू समाज की सामूहिक शक्ति का प्रकटीकरण के लिए हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा! जिसको लेकर गुरुवार नगर के प्राचीन नरसिंह मंदिर झिंरी स्थान से 10 बजे निमित्त कलश एवं ध्वजा पताका की एक शोभायात्रा प्रारंभ हुई. जो नगर के पीपली चौराहा,गांधी चौक टेंपो स्टैंड, सदरबजार, एटीएम चौराहा, तलेन रोड होते हुए राठी फार्म हाउस पहुंची. जहां पंडितों द्वारा वैदिक रीति रिवाज के साथ भूमि पूजन, निमित्त कलश की पूजा पाठ, कर ध्वज स्थापित किया. तत्पश्चात पड़ाना मंडल अंतर्गत आने वाले साधनखेड़ी, रामपुरियाखेड़ा, मगराना, मल्हारगंज, काचरिया पुरोहित इत्यादि गांव के लोगों को कलश वितरण किया गया.

#### भागवत कथा समापन पर हुआ प्रसादी का वितरण

**सुठालिया 25 दिसम्बर, सं.** समीपस्थ ग्राम कोलूखेडी में धनगर समाज द्वारा वैष्णव देवी मंदिर के गुरुजी संजय शर्मा के मुखारविंद से 18 दिसंबर से दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन गत दिवस बुधवार को हवन शांति पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ. समापन अवसर पर धनगर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल पूर्व विधायक पुरूषोत्तम दांगी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलवर

# अटलजी की प्रतिमा नगर के लिए गौरव

## पीपल चौराहा पर पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**स्थानीय राजगढ़ रोड का नाम अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग हुआ**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 25 दिसम्बर, का. 25 दिसम्बर के दिन नगर के इतिहास में एक नई पहचान के साथ गौरव का अध्याय जुड़ गया. इस दिन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण होना नगर के लिए गर्व, सम्मान का विषय है. आज से नगर का राजगढ़ रोड अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम से जाना जाएगा.**

उक्त बात गुरुवार को स्थानीय पीपल चौराहा पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण समारोह में वक्ताओं ने कही. समारोह में प्रदेश के राज्यमंत्री, सांसद, भाजपा नेतागण, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे. मंच पर नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती लीलादेवी फूलसिंह कुशवाह, पूर्व जिपं अध्यक्ष जसवंत गुर्जर, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी, जिला भाजपा महामंत्री देवीसिंह सौंधिया, ममता इंदौरिया, जगदीश पंवार, अमित शर्मा, जपं अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, आरएन दांगी सहित एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण, कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



#### राष्ट्रसेवा की जीवंत मिसाल थे अटलजी

राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संस्कृति और राष्ट्रसेवा की जीवंत मिसाल थे. वहीं सांसद रोड़मल नागर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल नेता नहीं, बल्कि विचारधारा और संवेदना का संगम थे. आज ही पीपल चौराहा से जाने वाले राजगढ़ रोड का नाम भी बदलते हुए अटल मार्ग कर दिया गया. इसका भी अनावरण अतिथियों के द्वारा किया गया. कार्यक्रम को पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने संबोधित किया. वक्ताओं ने कहा कि जननायक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, ओजस्वी एवं प्रखर वक्ता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना समूचा जीवन राष्ट्रसेवा को समर्पित कर दिया.

#### अटलजी के चित्र पर किया माल्यार्पण

**छापीहेड़ा 25 दिसम्बर, सं.** नगर के कांकरिया रोड़ स्थित बालाजी मन्दिर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुबह 11 बजे भारत रत्न पूर्व प्रधान मन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण उनको याद किया. इस अवसर पर नगर भाजपा अध्यक्ष अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक, मंडल महामंत्री राधेश्याम (बंटी) भामी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील नैनावत,जिला पदाधिकारी अमित झंझावत, देवीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विसालिया, पार्षदगण नीरज कुमार सेठिया, राजेश कुशवाह युवा मंडल महामंत्री धर्मेंद्र नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश चौधरी, दीपुसिंह तंवर, कैलाश पाटीदार, विरमसिंह तंवर, वीरेंद्र जैन, लियाकत खा मंसूरी, चंदरसिंह कुशवाह, संजय इंगले सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

#### भाजपा ने अटलजी की 101 वीं जयंती मनाई

सारंगपुर 25 दिसम्बर, सं. भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में अटल चौक पर गुरुवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्मजयंती मनाई गई. भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा जीवन भारत माता की सेवा में समर्पित किया. पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया. उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि विरोधी भी उनकी प्रशंसा किए बिना नहीं रह पाते थे. उनकी जन्मजयंती के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल जनपद अध्यक्ष देव नागर, जिला उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महामंत्री कमल राठौर, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सरावत, वरिष्ठ भाजपा नेता पी.एस मंडलोई, गोकुल दंडवाणी, विजय जैन, पार्षद कुलदीप राठौर, राकेश पुष्पद, अमित गिरजे, सुधीर श्रीमाल, विनोद लववंशी, संतोष कुम्भकार, सतीश गिरजे, राहुल पुष्पद, भूपेंद्र जोशी, विक्रम अहिरवार, नवीन रुडवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे. जानकारी मोहन लववंशी मंडल मिडिया प्रभारी ने दी.



## व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### वेतन व उपस्थिति प्रणाली को लेकर जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 25 दिसम्बर, सं. जिले के समस्त व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक में शामिल सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल जितेंद्र सोम कुँवर एवं जिला शिक्षा अधिकारी करणसिंह भिलाला को ज्ञापन सौंपा.**

प्रशिक्षकों ने बताया कि एप्लीकेशन में त्रुटि के कारण कई प्रशिक्षकों को 100 प्रतिशत उपस्थिति होने के बावजूद पूरे माह के स्थान पर मात्र एक दिन का वेतन दिया जा रहा है. गंभीर बात यह है कि प्रधानाचार्य द्वारा उपस्थिति रजिस्टर से सत्यापन किए जाने के बाद भी उपस्थिति मान्य नहीं की जा रही. प्रशिक्षकों का कहना है कि बिना किसी प्रशिक्षण के उपस्थिति एप्लीकेशन लागू कर दी. कई प्रशिक्षकों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है.

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गत 10 वर्षों से व्यावसायिक प्रशिक्षक 20 हजार के समान वेतन पर कार्य कर रहे हैं. सत्र 2023-24 में वेतन 2 हजार बढ़ाया गया था. लेकिन बाद में उसे पुन: घटाकर 20 हजार कर दिया. प्रशिक्षकों ने सहायक संचालक डीपीआई एवं जिला शिक्षा अधिकारी से एप्लीकेशन की तकनीकी त्रुटियों में सुधार, लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान, उपस्थिति प्रणाली को सरल बनाने तथा वेतन व अवकाश संबंधी निर्णयों पर पुनर्विचार करने की मांग की है.

## स्टेशन पर कार्य के चलते घंटों देरी से पहुंचीं ट्रेनें

### कई ट्रेनों को बाहरी स्टेशनों पर रोका गया



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 25 दिसम्बर, का. स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य के चलते गुरुवार को कई ट्रेनों को दूरस्थ स्टेशनों पर रोक दिया गया. हालांकि इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा. घंटो तक यात्री स्टेशन पर अपनी ट्रेन का इंतजार करते हुए देखे गये.**

जानकारी के अनुसार स्थानीय रेलवे स्टेशन पर नवीन लाइन सहित अन्य तकनीकि आदि का कार्य व्यापक स्तर पर चल रहा है. जिसके चलते गुरुवार को यहां कुछ घंटो के लिए स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही को रोकना पड़ा. इसके चलते बीना-नागदा ट्रेन को सिंदुरिया स्टेशन पर खड़ा किया गया. ट्रेन के ब्यावरा स्टेशन पर आने का समय 12.20 बजे है, जबकि ब्लॉक के चलते गुरुवार को ट्रेन ब्यावरा स्टेशन पर दोपहर करीब 3 बजे आ सकी.

इसी प्रकार पचोर, बीनागंज, कुंभराज स्टेशन पर भी अन्य ट्रेनों को रोक दिया गया. जो कि ब्लॉक का समय पूरा होने पर अपने गंतव्य की और रवाना हुई.

**स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते रहे यात्री -**

प्राय: यात्री अपनी ट्रेन के निर्धारित समय से पूर्व ही स्टेशन पर जा पहुंचे थे किंतु स्थानीय स्टेशन पर ट्रेनों के आने में दो से ढाई घंटे का विलंब होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा. स्थानीय रेलवे स्टेशन प्रबंधन का कहना है कि स्थानीय स्टेशन पर नवीन लाईन आदि अन्य कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है.

#### यीशु जन्म पर सजाई आकर्षक झांकी

**सारंगपुर 25 दिसम्बर, सं.** संत जार्ज चर्च सारंगपुर में आयोजित क्रिसमस समारोह आकर्षण का केन्द्र बना चर्च में आधी रात को विशेष प्रार्थना के साथ समारोह शुरू हुआ और क्रिसमस ट्री, सैंटाक्लस आदि आकर्षक विधियां पूरी हुई. चर्च के पास बनी प्रभु येसु की झांकी बहुत ही आकर्षक और सुंदर थी. कैरोल गीत के साथ बच्चे बड़े सब नाचते हुए जुलूस में भाग लिया. फादर पॉल, सिस्टर मर्लिन, रोबिन राजू, मनु, रोनाल्ड आदि समाजजन उपस्थित थे.

#### सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल में मनाया क्रिसमस

**सारंगपुर 25 दिसम्बर, सं.** स्थानीय सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाई स्कूल में मैनेजर फॉदर पॉल, प्रिंसिपल सिस्टर मर्लिन एवं अन्य सभी स्टाफ की उपस्थिति में प्रभु ईसा मसीह का जन्मोत्सव क्रिसमस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया. रंग-बिरंगी लाइटों, गुब्बारों और शानदार ढंग से सजाए गए क्रिसमस ट्री ने पूरे स्कूल परिसर को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया.



#### राम कृष्ण के पदचिन्हों पर चलें

**जीरापुर 25 दिसम्बर, सं. शासकीय सांदीपनी मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में सृजन उत्सव में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी तथा विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी कालूसिंह तोमर रहे.** विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं पत्रकारों का साफा एवं उपरना पहनाकर स्वागत सम्मान किया. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दी. प्राचार्य कैलाश शर्मा ने स्वागत भाषण में बताया कि विद्यालय में 109 गाँवों के छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं.विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांदीपनी स्कूल नाम क्यों रखा क्योंकि भगवान कृष्ण ने भी सांदीपनी स्कूल में शिक्षा दीक्षा प्राप्त की. बच्चें भी इस स्कूल में पढ़कर राम कृष्ण के पद चिन्हों पर चलकर आगे बढ़ें. कार्यक्रम में मण्डल महामंत्री रमेश चंद्र शर्मा, डा राम किरार, पार्षद प्रतिनिधी शिव मण्ड़लोई, शिक्षक अनिल पुष्पद सहित विधालय स्टाफ, अभिभावक, छात्र छात्राएं, पत्रकार उपस्थित रहे.

## पीएम स्कूल के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण




नवभारत न्यूज

**जीरापुर 25 दिसम्बर, सं.** ग्राम गागोरनी के पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं के व्यवसायिक शिक्षा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय उज्जैन का शैक्षणिक भ्रमण कर आई टी एवं इलेक्ट्रानिक्स एंड हार्डवेयर की जानकारी प्राप्त की. छात्रों द्वारा उज्जैन स्थित भारतीय प्राचीन खगोल विज्ञान केन्द्र वैधशाला में खगोल विज्ञान संबंधी जानकारी प्राप्त की साथ ही आब्जर्वेट्री के ऐतिहासिक महत्व को भी जाना. छात्रों द्वारा महाकाल लोक का भ्रमण किया गया. उक्त शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी प्राचार्य रमेश चंद्र दांगी के निर्देशन शिक्षक आशीष शर्मा, सुनीता शर्मा, हेमलता जोईया, सलोनी गुप्ता, ईश्वर सिंह पंवार, कमलसिंह दांगी, कमल कुंभकार, ईश्वर सिंह तोमर, निलेश शर्मा उपस्थित रहे. उक्त शैक्षणिक भ्रमण में विधार्थियों को व्यवसायिक, औद्योगिक के साथ धार्मिक महत्व को भी बताया गया.

#### जयंती पर हुआ आयोजन

**पड़ाना 25 दिसम्बर, सं.** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंति पर ग्राम मगराना में मुख्य अतिथि जिलामंत्री भाजपा मनोहर सिंह परमार ने अटलजी के बारे में बताया. भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्राम पंचायत सरपंच उपस्थित रहे.

#### सेवा केन्द्र पर मनाई पुण्य स्मृति

**ब्यावरा 25 दिसम्बर, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी सेवा केंद्र के द्वारा 25 दिसंबर को इंदौर के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एवं मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे ओमप्रकाश भाई की दसवीं पुण्य स्मृति पर सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक वरिष्ठ आध्यात्मिक व्यक्तित्व थे जो नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता के माध्यम से समाज सेवा के प्रति समर्पित रहे.


**अष्टम् पुण्य स्मरण**



*कर स्मृति आपकी आंखे नम हो जाती है सीख आपकी हमें सदमार्ग पर चलना सिखाती है*

- :: श्रृद्धानवत् ::-

ठा.सा. जगन्नाथ सिंह राजावत, मानवराजसिंह (पुत्र) एवं समस्त राजावत परिवार सुठालिया

*स्व. ठा. कृष्णपालसिंह कुशवाह (राजावत)*
*(शिक्षक) 26/12/2017*


**पाठशाला** हम हैं धरती के दूत रहेगी इस वर्ष के अनुभूति शिविरों की थीम, 6 शिविरों का आयोजन

# कल से शुरू होगी जंगल की पाठशाला

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 25 दिसम्बर, सं. वन विभाग एवं मध्य प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले स्कूली विद्यार्थियों के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम अनुभूति के इस वर्ष के शिविरों का आयोजन राजगढ़ वन मण्डल में भी 26 दिसम्बर से 31 जनवरी के मध्य किया जाएगा. पूरे प्रदेश में 472 वन परिक्षेत्रों में 950 से भी अधिक शिविरों के माध्यम से लगभग 12 हजार बच्चों को प्रशिक्षित किये जाने की तैयारी की गई है.**

विगत 9 वर्षों से अनुभूति शिविरों के मास्टर ट्रेनर भगवती शरण शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में आने वाले विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी. जिनमें पक्षी एवं वन्य प्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण, प्रकृति की पाठशाला, वानिकी गतिविधियों की जानकारी, वन, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के महत्व का रेखांकन, विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान, प्रश्नोत्तरी, वन अमले का परिचय, परिचर्चा, सांस्कृतिक गतिविधियां, नेचर वॉलिंटियर फोर्स का गठन, पर्यावरण रक्षा की सामूहिक शपथ के साथ पुरस्कार वितरण आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, शिविर में आने वाले विद्यार्थियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन आदि की व्यवस्था भी वन विभाग द्वारा की जा रही है. राजगढ़ जिले के तीनों वन परिक्षेत्रों से 2-2 शिविरों के मान से कुल 6 शिविरों का आयोजन वन्यप्राणी अभ्यारण्य, चिड़ीखोह में किया जावेगा.इस वर्ष की थीम हम हैं धरती के दूतम.प्र. एकोटूरिज्म बोर्ड द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवाचार करते हुए आगंतुक विद्यार्थियों को पर्यावरण हितेषी जीवनशैली को प्रोत्साहित करने एवं नई पीढ़ी को जिम्मेदारी पूर्वक पृथ्वी के परिष्तिथिकीय तंत्र के संरक्षण के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इस वर्ष की थीम हम हैं धरती के दूत रखी गयी है जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शिविर मैं आने वाले विद्यार्थियों के लिए विभाग द्वारा किया जावेगा. 26 एवं 29 दिसम्बर को ब्यावरा वन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विद्यार्थियों के लिए, 27 एवं 30 दिसंबर को नरसिंहगढ़ वन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विद्यार्थियों के लिए एवं, 15-16 जनवरी 2026 को राजगढ वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्कूली विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जावेगा.




